# ULB

## BHARATPUR NAGAR NIGAM

Bharatpur - 321001



Minimum Government, Maximum Governance

## *E-News Letter*
## *April, 2016*

Local Self Government

# अतिक्रमण अभियान

श्रीमान जिला कलक्टर महोदय के निर्देशानुसार शहर के कुम्हेर गेट पर अतिक्रमण अभियान अधिशाषी अभियन्ता के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें प्राचीन निर्मित कुम्हेर गेट के दोनों साईड में स्लिप लेन निर्माण कार्य के लिए अतिक्रमण हटाये गये हैं। जिसमें स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के सामने सीढ़ी का निर्माण, पुलिस बैरक हटाई गई तथा वर्तमान मन्दिर को आपसी सहमति से साईड में खाली जगह पर स्थापित किया गया। इससे आगे पैट्रोलपम्प एवं होटल के अवैध निर्माण को हटाने की कार्यवाही जारी है।




हटाये गये अवैध निर्माण के स्थान पर कुछ हिस्से में स्लिप लाईन का कार्य प्रगति पर है।

# भामाशाह समाधान शिविर का आयोजन

नगर निगम द्वारा दिनांक 05.08.2016 व 06.08.2016 को भामाशाह समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निम्नानुसार कार्य कराये गये –

1. सीडिंग/भामाशाह नामांकन/आधार नामांकन
2. सामाजिक सुरक्षा पेंशन से सम्बन्धित कार्य
3. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा से सम्बन्धित कार्य
4. राजस्थान संपर्क से सम्बन्धित जानकारी एवं अन्य जनता से जुडे हुए कार्य किये जा रहे हैं।


   जिनका मौके पर ही निस्तारण करने के हरसंभव प्रयास किये गये।

# स्मार्ट सिटी एवं अमृत योजना की प्रथम वर्षगांठ का आयोजन

नगर निगम, भरतपुर द्वारा उपरोक्त योजना की प्रथम वर्षगांठ पर दिनांक 25.05.2016 को निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया –

1. बच्चों की पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन :–

नगर निगम द्वारा शहर के दो स्कूलों में पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा स्मार्ट सिटी एवं स्वच्छ भारत मिशन के विषय पर आकर्षित पेन्टिंग तैयार की गई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को नगर को प्रोत्साहन हेतु पुरुष्कार दिया गया।






2. प्रेस कॉन्फ्रेन्स :–

इस अवसर पर नगर निगम के माननीय महापौर श्री शिवसिंह 'भौंट' जी एवं श्रीमान आयुक्त महोदय द्वारा निगम के सभाकक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेस आयोजित की गई, जिनमें उपरोक्त योजना के प्रचार–प्रसार करने पर जोर दिया जिससे कि आमजन को मूलभूत सुविधाऐं मिल सके।






3. माननीय प्रधानमंत्री जी के उद्घाटन समारोह का शहर के चौराहों पर स्क्रीन लगाकर लाईव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई। व्यवस्था शहर के बिजलीघर चौराहा एवं लक्ष्मण मन्दिर पर की गई। जिसको आमजन द्वारा सराहा गया।




## स्ट्रीट लाईट व्यवस्था

नगर निगम क्षेत्र में एल.ई.डी. लाईट्स लगाने का कार्य 14 मई, 2016 से प्रारम्भ किया जा चुका है। शहर में सरकूलर रोड़ एवं वार्डों के मुख्य मार्गों पर सोडियम लाईट्स एवं ट्यूबलाईट्स को एल.ई.डी. लाईटों से बदलने का कार्य वर्तमान में जारी है। अब तक लगभग 8000 लाईटें बदली जा चुकी हैं। शहर में 17000 सोडियम एवं ट्यूबलाईट्स को एल.ई.डी. लाईट्स से बदलने का कार्य किया जा रहा है।

## शहर के मुख्य बाजार लक्ष्मण मन्दिर से कोतवाली तक डिवाईडर एवं पार्किंग

श्रीमान जिला कलक्टर महोदय के निर्देशानुसार शहर के मुख्य बाजार लक्ष्मण मन्दिर से कोतवाली तक डिवाईडर एवं पार्किंग कार्य की कार्य योजना तैयार की गई है। जिससे शहर में जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके एवं आमजन को आवागमन में सुविधा प्राप्त हो। जिसकी निविदा नगर निगम द्वारा जारी कर दी गई है। उक्त कार्य हेतु एकल निविदा प्राप्त हुई है, कार्य कराने हेतु विभाग द्वारा अग्रिम कार्यवाही प्रगति पर है।

# निर्माण कार्य



शहर में सीवर लाईन डलने के कारण क्षतिग्रस्त हुई पेवर सड़कों का निर्माण कार्य निगम द्वारा निम्नानुसार कराया गया –

1. डामरीकरण कार्य अनाह गेट से अटलबंध मण्डी तक
2. डामरीकरण कार्य किशोरी श्याम से नीमदा गेट तक
3. रैडक्रॉस सर्किल से नमन मैरिज होम तक पेवर सड़क कार्य
4. जनाना हॉस्पीटल के पीछे पॉवर हाउस गेट से शैयद की मजार तक व इंजन जाट से नेशनल टैक्सटाइल चौबुर्जा बाजार तक पेवर सड़क निर्माण कार्य
5. हरिसिंह नेताजी के मकान से कठपुतली मन्दिर होते हुए चन्दा मकान के मकान तक पेवर सड़क कार्य वार्ड नं. 20
6. देव जूस कॉर्नर के सामने क्रॉस से लेकर संग्रहालय होते हुए आर.डी. गर्ल्स कॉलेज होते हुए पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग तक पेवर सड़क निर्माण कार्य

उक्त पेवर सड़कों के निर्माण से आमजन को काफी राहत मिली है।

# ENERGY SAVING



नगर निगम, भरतपुर में वर्तमान में 50KW विद्युत कनैक्शन किया हुआ है। बिजली बचत के लिए 33.00 लाख रूपये की लागत से 40KW क्षमता का सोलर पैनल लगाया गया है। 33.00 लाख रूपये में से 11.00 लाख रूपये की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी गई है। इस प्रकार सोलर पैनल लगाने की कुल लागत 22.00 लाख रूपये है।

सोलर पैनल को REIL द्वारा स्थापित किया गया है। सोलर पैनल लगाने से 70 प्रतिशत बिजली का उपभोग इसी से किया जावेगा।

## स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत मिशन के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण घटक में अब तक कुल 5400 आवेदन ऑनलाईन अपलोड किये गये है, तथा 4971 आवेदन पत्रों का वैरिफिकेशन एवं 4971 एप्रूव्ड किये जा चुके हैं। 4970 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किश्त हस्तान्तरित की जा चुकी हैं।

सिटी सेनिटेशन प्लांट को एस.बी.एम. साइट पर अपलोड कर दिया जा चुका हैं। वर्तमान में 22 कम्यूनिटी एवं पब्लिक टॉयलेट संचालित हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इन शौचालयों का अपग्रेडेशन कराने हेतु डीपीआर तैयार कराई जा रही है।

## सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में स्थित नौंह वेस्ट प्रोसेसिंग प्लान्ट Up gradation संचालन एवं रखरखाव हेतु निविदा प्राप्त कर ली गई है। निविदा 707.93 करोड़ की लगाई गयी थी। यह कार्य स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत V.G.F. System के अन्तर्गत कराया जायेगा। जिसमें 20 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार एवं 6.66 प्रतिशत राशि राज्य सरकार शेष राशि निविदादाता द्वारा लगायी जावेगी।

नगर निगम द्वारा निविदा की कार्यवाही पूर्ण कर प्रस्ताव श्रीमान निदेशक महोदय स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर को भिजवाये गये थे। राज्य सरकार के स्तर पर स्टेट लेबिल एम्पावर्ड कमेटी द्वारा फर्म द्वारा दी गई रायल्टी की दर 101 प्रति टन की दर स्वीकृत कर कार्यादेश देने के निर्णय लिया गया। इस क्रम में नगर निगम द्वारा सम्बन्धित फर्म ROLLZ MATERIAL HANDLING SYSTEM PRIVATE LTD., NEW DELHI को Letter of Acceptance जारी कर दिया गया है। जिसमें फर्म को एग्रीमेन्ट एवं P.S. राशि जमा कराने हेतु एक माह का समय दिया गया है।

# अमृत योजना

**अमृत योजना** के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न घटकों में निम्न प्रकार संशोधित SLIP में राशि डीपीआर अनुसार वर्ष 2016–17 की भिजवायी गई है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वाटर सप्लाई | – | राशि 50.00 करोड़ |
| 2. | सीवरेज | – | राशि 79.66 करोड़ |
| 3. | स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज | – | राशि 33.03 करोड़ |
| 4. | अरबन ट्रान्सपोर्ट | – | राशि 20.00 करोड़ |
| 5. | ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस् | – | राशि 06.68 करोड़ |
| | **कुल योग** | – | **राशि 189.37 करोड़** |

उपरोक्तानुसार सीवरेज कार्य की निविदा रुडसिको द्वारा लगा दी गई है, जिसकी राशि 79.66 करोड़ की निविदा Submission की अंतिम दिनांक 20.05.2016 निर्धारित थी। इस कार्य हेतु TATA PROJECT की Lowest दर आयी हैं। जिसको रूडसिको द्वारा L.O.A. जारी कर दिया गया था, परन्तु फर्म की कुछ कमियों के कारण L.O.A. निरस्त कर दिया है। रूडसिको द्वारा पुनः निविदा की कार्यवाही जारी है।

स्टोर्म वाटर ड्रेनेज एवं ग्रीन स्पेस पार्कस् की डीपीआर राज्य स्तर पर S.L.T.C. (स्टेट लेबिल टैक्नीकल कमेटी) की आगामी बैठक में स्वीकृति हेतु रखा जावेगा। अरबन ट्रांसपोर्ट एवं सैप्टेज मैनेजमेन्ट की डीपीआर का कार्य प्रगति पर है।

# राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

**एस.एम.आई.ड़ी** घटक के तहत महिलाओं के 195 स्वंय सहायता समूह का गठन किया जा चुका है। इनमें से अभी तक 112 समूहों का बैंक लिंकेज हेतु खाते खुलवाये जा चुके है। एक आर.ओ. को 30 समूहों की प्रथम किश्त का भुगतान किया जा चुका है।

**ई.एस.टी.पी.** घटक के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत माह जुलाई, 2016 तक 806 आवेदन तैयार कराकर आर.एस.एल.ड़ी.सी को प्रशिक्षण दिलाने हेतु प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से अभी तक मात्र 12 आवेदकों का प्रशिक्षण कार्य हो चुका है, तथा 25 आवेदकों को RSLDC द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है।

स्वरोजगार घटक के अंतर्गत माह जुलाई, 2016 तक 615 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को ऋण हेतु बैंक को प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से 97 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत हो चुका है, एवं 40 आवेदनकर्त्ताओं को 21.85 लाख का ऋण वितरित हो चुका है।

आश्रय स्थल घटक के तहत नगर निगम, भरतपुर में वर्तमान में 2 पूर्व निर्मित आश्रय स्थलों का विधिवत संचालन हो रहा है, तथा अन्य दो नये आश्रय स्थल बनाने हेतु निविदा सूचना जारी कर संवेदक को कार्यादेश जारी कर दिया गया है, तथा आश्रय स्थलों का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है।

स्ट्रीट वैंड़र घटक के तहत 1,000 से अधिक संख्या होने के कारण एजेंसी द्वारा नगर निगम क्षेत्र में सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसके लिए सम्बन्धित एजेन्सी को 546400 रूपये का भुगतान किया जा चुका है।

## राजस्व प्राप्तियां

नगर निगम, भरतपुर द्वारा वित्तिय वर्ष 2016–17 के लिए विभिन्न मदों में ठेकों से निम्न प्रकार राशि वसूल की गई है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | साईन बोर्ड विज्ञापन | – | 98,42,938 रू. |
| 2. | मोबाइल टावर | – | 7,97,030 रू. |
| 3. | विवाह स्थल पंजीयन | – | 41,01,504 रू. |
| 4. | पार्किंग ठेका | – | 2,33,750 रू. |
| 5. | हड्डी खाल ठेका | – | 2,76,667 रू. |
| 6. | पोल कियोस्क ठेका | – | 1,13,500 रू. |

तथा नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में राजस्व से कुल 3,69,01535 रूपये प्राप्त हुए हैं।

## Contacts Us:

**BHARATPUR, MUNICIPAL CORPORATION,**
**NEAR MATHURA GATE, BHARATPUR.**
**e-mail: bhartpur.jaipur@gmail.com**
**Phone No.: 05644 - 222 170**